भारत का राष्ट्रीय अखबार राजस्थान व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

जयपुर

प्रभात अभिनन्दन

प्रातःकालीन | मंगलवार 8 अप्रैल, 2025 | मूल्यः 50 पैसे

बैंक ऑफ़ बड़ौदा ने की 444 दिनों की अवधि के साथ 7.15 प्रति वर्ष की दर से बॉब स्क्वायर ड्राइव जमा योजना की शुरुआत

बॉब स्क्वायर ड्राइव जमा योजना सामान्य नागरिकों के लिए 7.15 प्रति वर्ष; वरिष्ठ नागरिकों के लिए 7.65 प्रति वर्ष; अति वरिष्ठ नागरिकों के लिए 7.75 प्रति वर्ष तथा समय-पूर्व अदेय जमाराशियों पर 7.80 प्रति वर्ष तक ब्याज प्रदान करती है।

प्रभात अभिनन्दन न्यूज

मुंबई, 7 अप्रैल (वेब वार्ता)। भारत के सार्वजनिक क्षेत्र के अग्रणी बैंकों में से एक, बैंक ऑफ़ बड़ौदा ने आज एक नई रिटेल सावधि जमा योजना – बॉब स्क्वायर ड्राइव जमा योजना आरंभ किए जाने की घोषणा की। 444-दिवसीय यह सावधि जमा योजना आम जनता के लिए 7.15 प्रति वर्ष, वरिष्ठ नागरिकों के लिए 7.65 प्रति वर्ष, अति वरिष्ठ नागरिकों (80 वर्ष या उससे अधिक आयु के) के लिए 7.75 प्रति वर्ष तथा समय-पूर्व अदेय जमाराशियों पर 7.80 प्रति वर्ष तक ब्याज दर प्रदान करती है। यह योजना 7 अप्रैल, 2025 से शुरू होगी तथा 3 करोड़ रुपये से कम की रिटेल सावधि जमाराशियों पर लागू होगी।

सुश्री बीना वाहिद, कार्यपालक निदेशक, बैंक ऑफ़ बड़ौदा ने कहा, ब्याज दरों में गिरावट के दौर में, बॉब स्क्वायर ड्राइव जमा योजना जमाकर्ताओं को उच्च ब्याज दरों को लॉक करने तथा अपनी बचत पर स्थिर और सुनिश्चित रिटर्न अर्जित करने का एक आकर्षक विकल्प प्रदान करती है।

बैंक ऑफ़ बड़ौदा अपने ग्राहकों के वृद्धिशील वित्तीय लक्ष्यों को पूरा करने के लिए उपयुक्त समाधान प्रदान करने हेतु अपनी जमा पेशकशों में लगातार नवोन्मेषी उत्पाद लेकर आ रहा है। ग्राहक बैंक के डिजिटल चैनलों जैसे बॉब वर्ल्ड ऐप और बैंक के इंटरनेट बैंकिंग प्लेटफॉर्म के साथ-साथ बैंक ऑफ़ बड़ौदा की किसी भी शाखा के माध्यम से सावधि जमा खाता खोल सकते हैं।

इसके अलावा, बैंक के नए ग्राहक अब बैंक ऑफ़ बड़ौदा की वेबसाइट के माध्यम से बचत खाता खोले बिना भी वीडियो केवाईसी द्वारा बैंक के साथ एफडी खाता खोल सकते हैं।

अमृत स्टेशन योजना के अन्तर्गत राजगढ़ स्टेशन पर पुनर्विकास का कार्य पूर्ण होने की ओर अग्रसर

प्रभात अभिनन्दन न्यूज

जयपुर, 7 अप्रैल (का.सं.)। रेलवे द्वारा स्टेशनों पर यात्री सुविधाओं में बढोतरी करने व स्टेशनों की बिल्डिंग को नया स्वरूप प्रदान करने की अमृत स्टेशन योजना के तहत स्टेशनों का पुनर्विकास कार्य किया जा रहा है। उत्तर पश्चिम रेलवे पर जयपुर मण्डल के राजगढ़ स्टेशन सहित 77 स्टेशनों का लगभग 4000 करोड़ रूपये की लागत के साथ अमृत स्टेशन योजना के अन्तर्गत पुनर्विकास किया जा रहा है।

राजगढ़ स्टेशन पर जयपुर, दौसा व अलवर क्षेत्र के मीडिया प्रतिनिधियों को कार्य प्रगति की जानकारी देते हुए श्री शशि किरण, मुख्य जनसंपर्क अधिकारी, उत्तर पश्चिम रेलवे ने बताया कि अमृत स्टेशन योजना के तहत राजगढ़ स्टेशन पर

13.10 करोड़ रुपये से पुनर्विकास के कार्य अंतिम चरण में है। उन्होंने बताया कि पुराने स्टेशन भवन में पर्याप्त स्थान की कमी थी और यात्री सुविधाओं को विकसित करने में कठिनाई हो रही थी। यात्री सुविधाओं में विस्तार करने के लिए अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत स्टेशन बिल्डिंग का नवीनीकरण कर इसमें सुधार किया गया है। स्टेशन पुनर्विकास से अब स्टेशन बिल्डिंग में पर्याप्त स्थान उपलब्ध हुआ है। स्टेशन बिल्डिंग में बेहतर यात्री सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए समुचित क्षेत्र में टिकटिंग सुविधा और बडा वेटिंग हॉल उपलब्ध करवाया गया है। राजगढ़ स्टेशन पर सर्कुलेटिंग एरिया के सुनियोजित विकास, आगमन और प्रस्थान की बेहतर व्यवस्था और पार्किंग स्पेस में सुधार किया गया है। इन कार्यों के हाने से स्टेशन आने वाले यात्रियों की आवाजाही में आसानी होगी और वाहनों का सही तरीके से आवागमन हो सकेगा। राजगढ़ स्टेशन पर जो यात्री सुविधाएं विकसित की गई है उनमें नए स्टेशन भवन का निर्माण, प्रवेश और निकास द्वार, पोर्च का निर्माण, सर्कुलेटिंग एरिया का विकास, पर्याप्त और सुव्यवस्थित पार्किंग व्यवस्था, प्रवेश हॉल, वेटिंग हॉल, स्टेशन भवन के अग्रभाग का सुधार, नए प्लेटफार्म शेल्टर, दिव्यांगजनों के लिए सुविधाओं के साथ नए शौचालय ब्लॉक और पानी के बूथ, बेहतर साइनेज, प्लेटफार्म पर कोच इंडिकेशन बोर्ड और 12 मीटर चौड़े एफओबी शामिल है। उल्लेखनीय है कि उत्तर पश्चिम रेलवे पर जयपुर मण्डल में राजगढ़ सहित 18 स्टेशनों का 1325 करोड़ रूपये से पुनर्विकास कार्य किया जा रहा है। जिनमें जयपुर, गांधीनगर जयपुर, सांगानेर, रेवाड़ी, फुलेरा, अलवर, बांदीकुई, सीकर, दौसा, रींगस, राजगढ़, आसलपुर जोबनेर, खैरथल, नीम का थाना, नारनौल, फतेहपुर शेखावाटी, झुंझुनू, नरेना स्टेशन शामिल है।

आसाराम को फिर 1 जुलाई तक अंतरिम जमानत

हाईकोर्ट ने राहत दी; 31 मार्च को ढाई महीने की बेल खत्म हुई थी

जोधपुर, 7 अप्रैल (का.सं.)। जोधपुर के आश्रम में नाबालिग से रेप के मामले में आजीवन कारावास की सजा काट रहे आसाराम को गुजरात के बाद अब राजस्थान हाईकोर्ट से भी राहत मिली है।

कोर्ट ने उसकी अंतरिम जमानत की अवधि 1 जुलाई तक बढ़ा दी है।

हाईकोर्ट ने आसाराम को सुप्रीम कोर्ट की ओर से पूर्व में जारी शर्तों का पालन करने के लिए कहा है। कोर्ट ने कहा- गुजरात हाईकोर्ट ने मेडिकल ग्राउंड पर आसाराम को अंतरिम जमानत देने से पहले तमाम तथ्यों की जांच की। ऐसे में उन्हीं मेडिकल ग्राउंड्स की दोबारा जांच की आवश्यकता नहीं है।

कोर्ट ने कहा- अंतरिम जमानत नहीं देने के लिए भी कोई ठोस आधार सामने नहीं आ रहा है। इसके बाद कोर्ट ने आसाराम को 30 जून तक की अंतरिम जमानत दी तो वकील ने अंतिम दिन छुट्टी होने की बात कहते हुए इसे 1 जुलाई तक करने का आग्रह किया।

आईटीएमएस(ई-कर अधिकारी प्रणाली) पर संगोष्ठी का आयोजन, व्यापारियों को मिलेगा लाभ

प्रभात अभिनन्दन न्यूज

फुलेरा, 7 अप्रैल (राजकुमार देवाल)। राज्य सरकार द्वारा कर प्रणाली को और अधिक पारदर्शी एवं सुगम बनाने के लिए शुरू किए गए आईटीएमएस(ई-कर अधिकारी प्रणाली) के व्यापक प्रचार-प्रसार एवं जागरूकता हेतु एक संगोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है। व्यापार महासंघ अध्यक्ष मनोज आहूजा ने जानकारी देते बताया कि यह आयोजन अतिरिक्त आयुक्त(प्रशासन), राज्य कर संभाग-चतुर्थ, जयपुर के निर्देशन में किया जा रहा है। संगोष्ठी 09 अप्रैल बुधवार को एक निजी होटल सांभर बाईपास रोड फुलेरा में आयोजित की जाएगी। कार्यक्रम का समय दोपहर 2 बजे से 4 बजे तक निर्धारित किया गया है। इस कार्यक्रम में जीएसटी विभाग के अधिकारी उपस्थित रहेंगे और व्यापारियों को ई-अधिकारी प्रणाली के विभिन्न पहलुओं से अवगत कराएंगे। यह नवाचार व्यापारियों के लिए (टेक्स प्रक्रियाओं को आसान बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।यह आयोजन व्यापार महासंघ, फुलेरा (रजिस्टर्ड के तत्वावधान में किया जा रहा है।

वाराणसी में ग्रेजुएशन की छात्रा से 7 दिन गैंगरेप

होटल से लेकर हुक्का बार तक ले गए; 23 लड़कों ने दरिंदगी की, वीडियो बनाए

वाराणसी, 7 अप्रैल (का.सं.)। वाराणसी में एथलीट छात्रा से 7 दिन तक गैंगरेप किया गया। छात्रा की मां का कहना है कि बेटी के साथ 29 मार्च से लेकर 4 अप्रैल तक 23 युवकों ने रेप किया। मां की शिकायत पर लालपुर पांडेयपुर पुलिस ने 12 नामजद और 11 अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया। पुलिस ने रविवार रात भर दबिश दी और 6 लड़कों को गिरफ्तार कर लिया। वहीं, रविवार को छात्रा के पिता ने थाने में दी शिकायत में कहा था कि मेरी बेटी के साथ चलती कार में गैंगरेप किया गया। इसके बाद रात में ही पिता की तबीयत भी खराब हो गई।

लालपुर पांडेपुर में रहने वाली 18 साल की युवती ग्रेजुएशन की छात्रा है। वह 5 भाई-बहन हैं। छात्रा 12वीं तक की पढ़ाई के साथ स्कूल लेवल पर रनिंग कंपटीशन में भी हिस्सा लेती रही है। फिलहाल वह पढ़ाई करने के साथ ही एक होटल से जुड़े स्पा सेंटर में भी काम करती है। पीड़िता की मां ने पुलिस को दी शिकायत में कहा- मेरी बेटी 29 मार्च को काम पर निकली थी, फिर 4 अप्रैल को घर पहुंची। मेरी बेटी कई बार अपने काम के सिलसिले में एक-दो दिन घर से बाहर रहती थी। लेकिन, इस बार 7 दिन तक नहीं लौटी। इससे हम लोग परेशान हो गए।

विधायक शत्रुघ्न गौतम ने अस्पताल में अत्याधुनिक शिशु रोग गहन चिकित्सा इकाई का भव्य लोकार्पण

प्रभात अभिनन्दन न्यूज

केकडी, 7 अप्रैल (दीपांकुर चौहान)। वश्व स्वास्थ्य दिवस 7 अप्रैल 2025 के पावन अवसर पर, राजकीय जिला चिकित्सालय केकड़ी ने स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। सोमवार को विधायक शत्रुघ्न गौतम ने अस्पताल में अत्याधुनिक शिशु रोग गहन चिकित्सा इकाई **(Pediatric Intensive Care Unit - PICU)** का भव्य लोकार्पण किया।

यह इकाई क्षेत्र के गंभीर रूप से बीमार बच्चों के लिए जीवन रक्षक साबित होगी और उन्हें उच्च स्तरीय चिकित्सा सुविधा स्थानीय स्तर पर ही उपलब्ध कराएगी। इस इकाई में कुल 8 मरीजो को भर्ती की सुविधा रहेगी द्व सबसे पहले प्रमुख चिकित्सा अधिकारी डॉ. नवीन जांगिड़ ने विधायक शत्रुघ्न गौतम का स्वागत किया। आज ही के दिन साथ ही, एक और महत्वपूर्ण पहल के तहत, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने डिजिटल माध्यम से राजकीय जिला चिकित्सालय केकड़ी में स्तनपान प्रबंधन इकाई **(Lactation Management Unit - LMU)** का भी लोकार्पण किया। यह इकाई माताओं को स्तनपान के महत्व और सही तरीकों के बारे में जागरूक करेगी, साथ ही उन्हें स्तनपान कराने में आने वाली कठिनाइयों का समाधान करने में भी सहायता प्रदान करेगी।

छत्तीसगढ़ की नई धमनी बनेगी खरसिया-परमालकसा 5वीं-6वीं रेल लाइन, मिलेगा बंपर रोजगार: रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव

प्रभात अभिनन्दन न्यूज

नई दिल्ली, 7 अप्रैल (वेब वार्ता)। केंद्रीय कैबिनेट की ओर से मंजूर खरसिया-नया रायपुर-परमालकसा रेल प्रोजेक्ट के बारे में रेल, सूचना एवं प्रसारण, इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सोमवार को रेल भवन में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि यह प्रोजेक्ट छत्तीसगढ़ की रेल कनेक्टिविटी को बदलने वाला है। इस प्रोजेक्ट पर 8741 करोड़ रुपये की लागत आएगी और इससे पूरे छत्तीसगढ़ को एक छोर से दूसरे छोर तक कवरेज मिलेगा। रेल मंत्री ने कहा कि खरसिया-परमालकसा 5वीं-6वीं रेल लाइन छत्तीसगढ़ में रेल नेटवर्क की नई धमनी की तरह है। यह ओडिशा की सीमा से महाराष्ट्र की सीमा तक रेल नेटवर्क की सुविधा प्रदान करेगी।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार व्यक्त करते हुए रेल मंत्री ने कहा कि यह भारत के सबसे बड़े प्रोजेक्ट में से एक है। इससे छत्तीसगढ़ के रायगढ़, जांजगीर चाँपा, बिलासपुर, बलौदा बाजार, दुर्ग और राजनांदगांव जैसे जिले जुड़ेंगे। इसके तहत 21 स्टेशन बनेंगे और 48 बड़े ब्रिज

बनाए जाएंगे। साथ ही 349 माइनर ब्रिज बनेंगे। 14 फ्लाईओवर और 184 अंडर पास का निर्माण होगा। स्थानीय स्तर पर निवासियों को दिक्कत ना हो इसके लिए 5 रेल फ्लाईओवर भी निर्मित किए जाएंगे।

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि इस प्रोजेक्ट में 615 किलोमीटर लंबी पटरियां बिछेंगी, जिसमें 278 किलोमीटर का रूट है। इस रूट के निर्माण के बाद 8 से ज्यादा मेल/एक्सप्रेस ट्रेनों का संचालन किया जाएगा। इस रेल नेटवर्क के निर्माण से करीब 22 करोड़ लीटर डीजल बचेगा और रेलवे को लगभग 2500 करोड़ रुपये के डीजल की बचत होगी। रेल मंत्री ने कहा कि भगवान राम के वनवास के दौरान माता शबरी के प्रसंग से जुड़े लक्ष्मी नारायण मंदिर का भी इस रेल नेटवर्क से संपर्क स्थापित होगा। बलौदा बाजार और खरसिया जैसे सीमेंट उत्पादन के बड़े इंडस्ट्रियल हब भी इस नेटवर्क से जुड़ेंगे।

राज्य के महत्वपूर्ण रेल प्रोजेक्ट्स की जानकारी देते हुए रेल मंत्री ने कहा कि दल्ली राझरा से रावघाट नई लाइन पूरी होने वाली है। अब इसके आगे रावघाट से जगदलपुर रेल लाइन के डीपीआर बनाने का काम लगभग पूरा हो गया है। वैसे ही गेवरा-पेन्ड्रा रोड नई लाइन पर भी तेजी से काम चल रहा है। साथ ही राजनांदगांव से नागपुर तीसरी लाइन, झारसुगुड़ा से बिलासपुर चौथी लाइन, रायपुर-केन्द्री-धमतरी से अभनपुर-राजिम लाइन का गेज कन्वर्जन करके ब्रॉड गेज बनाया जा रहा है। राजनांदगांव से डोंगरगढ़ चौथी लाइन, जगदलपुर से कोरापुट की डबलिंग, धरमजयगढ़ से कोरबा नई लाइन, अनूपपुर से अंबिकापुर के दोहरीकरण के लिए पर्याप्त फंड दिए गए हैं। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से मुखातिब होते हुए रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि राज्य के लोगों ने जिन उम्मीदों के साथ डबल इंजन की सरकार बनाई है, उसे पूरा करने का काम भारतीय रेल कर रही है। वहीं मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि जब से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार आई है, छत्तीसगढ़ में रेलवे से जुड़ा हजारों करोड़ का काम हो रहा है। नई परियोजना से छत्तीसगढ़ के छह सात जिले जुड़ते हैं, यह राज्य के लिए सौभाग्य की बात है। स्टेशनों के विकास के लिए सरकार ने करोड़ों का फंड दिया है, इससे रेलवे और छत्तीसगढ़ की तस्वीर बदलेगी।

सीएम भजनलाल डॉक्टर्स से बोले- मरीजों से अच्छा व्यवहार हो

वह परेशानी में होता है; सरलता से बात करने पर आधी बीमारी खत्म हो जाती है

जयपुर, 7 अप्रैल (का.सं.)। मुख्यमंत्री भजनलाल ने सरकारी हॉस्पिटल में इलाज करने वाले डॉक्टरों से कहा- जिस क्षेत्र में आप काम कर रहे हैं। मरीज आपको भगवान के रूप में देखता है। वह परेशानी में होता है, इसलिए मैं कहना चाहता हूं कि हमारा व्यवहार उनके साथ अच्छा हो। सरलता और सौम्यता से आधी बीमारी खत्म हो जाती है।

सीएम ने कहा- मुझे पता है आप 10-12 घंटे की ड्यूटी वाले हैं, लेकिन 24 घंटे ड्यूटी करते हैं। आप पीड़ा को समझते हैं। कभी मरीजों और डॉक्टरों में छोटी बात पर कहासुनी हो जाती है। हम रोज सुनते हैं। हमारे परिवार में दिक्कत होती है तो हम भी परेशान होते हैं। वो भी हमारे परिवार का है। सीएम भजनलाल वर्ल्ड हेल्थ डे पर राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में बोल रहे थे। यहां मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने 'निरामय राजस्थान अभियान' की शुरुआत की और 24 रामरथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस रथ के जरिए गांवों में हर महीने में 2 बार जांच और इलाज की सुविधाएं आमजन तक पहुंचाई जाएगी।

मरीज आपके लिए मेहमान की तरह

मुख्यमंत्री ने कहा- हम उसके नहीं जा रहे। वो हमारे यहां आ रहा है। कोई मरीज आपके यहां, आपके घर आता है तो वह आपका मेहमान है।

जिस तरह हम अपने मेहमान से व्यवहार करते हैं। उसी तरह का व्यवहार आप उनके साथ करें। क्योंकि एक मरीज या उसका परिजन बहुत परेशानियों में होता है। आपके पास बड़ी उम्मीद और आशा लेकर पहुंचता है। मेरा निवेदन है कि ये प्रदेश निरोगी राजस्थान तभी बनेगा, जब आपका सहयोग मिलेगा।

बैंक ऑफ़ बड़ौदा Bank of Baroda

शाखाः- विद्याधर नगर, सेंट्रल स्पाइन, धन श्री टावर -2
विद्याधर नगर जयपुर-राजस्थान 302039

परिशिष्ट IV[नियम 8 (1) देखें, आधिपत्य नोटिस

यतः (Whereas) वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन एवं प्रतिभूति- हित का प्रवर्तन अधिनियम 2002 2002(2002 का सं. 54) के अंतर्गत एव धारा 13(2) सपठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 3 के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए , बैंक ऑफ बडौदा के प्राधिकृत अधिकारी ने डिमाण्ड नोटिस दिनांक 20.12.2024 को जारी किया,जिसमें ऋणी/यों मेसर्स कुल्हरी कंस्ट्रक्शन कम्पनी पार्टनरः-(1) स्वर्गीय श्री अनिल कुल्हरी पुत्र श्री देव करण सिंह, पार्टनरः(2) श्री सुनील कुमार कुल्हरी पुत्र श्री देव करण सिंह तथा पार्टनर स्वर्गीय श्री अनिल कुल्हरी कानूनी उत्तराधिकारी (i)श्रीमती पुष्पा कुल्हरी पत्नी श्री अनिल कुल्हरी (ii)श्री अंकित कुल्हरी पुत्र श्री अनिल कुल्हरी (iii)प्राची चौधरी पुत्री अनिल कुल्हरी और गारंटर स्वर्गीय श्री नरेंद्र सिंह पुत्र धरम पाल जाट गारंटर स्वर्गीय श्री नरेन्द्र सिंह के कानूनी उत्तराधिकारी (1)श्री राजेश मुंड पुत्र श्री नरेन्द्र सिंह जाट(2)श्री नरेश मुंड पुत्र श्री नरेन्द्र सिंह जाट(3) सरोज पुत्री श्री नरेन्द्र सिंह जाट(4) सुनीता पुत्री श्री नरेन्द्र सिंह जाट(5)श्रीमती बनारसी देवी पत्नी श्री नरेन्द्र सिंह जाट को नोटिस में उल्लेखित राशि रूपये 9,63,823.41/- (रूपये नौ लाख तरेसठ हजार आठ सौ तेईस रुपये और इक्तालीस पैसे मात्र)दिनांक 20.12.2024 तक एवं दिनांक 20.12.2024 से आगे के ब्याज, लागतों,शुल्कों एवं खर्चों सहित भुगतान होने की तिथी तक इस नोटिस की पावती की दिनांक से 60 दिनो के भीतर करने के लिये कहा गया था।

ऋणी द्वारा राशि का पुर्नभुगतान करने में असफल होने पर एतद्द्वारा ऋणी को तथा आम जनता को सामान्य रूप से सूचित किया जाता है कि प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 की धारा 13 की उपधारा (4)के सपठित नियम 8 के अर्न्तगत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए एतद द्वारा ऋणी और आम जनता को यह सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरी ने नीचे उल्लेख की गई सम्पत्ति का कब्जा आज दिनांक 03 माह अप्रैल वर्ष 2025 को प्राप्त कर लिया है ।

ऋणी/ जमानतदार / बंधककर्ता को विशेष रूप से तथा जनसामान्य को सामान्य रूप से सावधान किया जाता है कि इस सम्पत्ति बाबत् कोई संव्यवहार नहीं करे और इस सम्पत्ति बाबत् किया गया कोई भी संव्यवहार बैंक ऑफ बडौदा की बकाया राशि रूपये 9,63,823.41/- (रूपये नौ लाख तरेसठ हजार आठ सौ तेईस रुपये और इक्तालीस पैसे मात्र) दिनांक 20.12.2024 तक एवं दिनांक 20.12.2024 से आगे के ब्याज, लागतों,शुल्कों एवं खर्चों सहित भुगतान होने तक की राशि के अध्यधीन होगा। प्रतिभूत आस्तियों के मोचन के लिये उपलब्ध समय के संदर्भ मे ऋणी का ध्यान अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) के उपबंधो की ओर आकृष्ट किया जाता हैं।

अचल सम्पत्ति का विवरण

सम्पत्ति के सभी अंश व अंग जिसमें रिहायशी वार्ड नंबर 08, ग्राम-बास घासीराम, पंचायत-हरिपुरा, VIA अलसीसर, तहसील और जिला झुंझुनू पर स्थित जिसका क्षेत्रफल 510.186 वर्गगज जो श्री नरेंद्र सिंह जाट पुत्र श्री धर्म पाल जाट के नाम है ।(बैंक में उपलब्ध रिकॉर्ड के अनुसार)

सीमाएः- उत्तरः आम रास्ता, दक्षिणः भगवत सिंह की कृषि भूमि, पूर्वः बजरंग लाल पुत्र धर्मपाल, पश्चिमः लाल चन्द पुत्र धर्मपाल

दिनांकः-03.04.2025, स्थानः-झुंझुनू

प्राधिकृत अधिकारी (बैंक ऑफ बडौदा)

टाटा मोटर्स ने अपने पैसेंजर और इलेक्ट्रिक वाहन खंड के लिए विक्की कौशल से मिलाया हाथ

टेक द कर्व अभियान के साथ इस साझेदारी की होगी शुरुआत

प्रभात अभिनन्दन न्यूज

मुंबई, 7 अप्रैल (वेब वार्ता)। भारत की अग्रणी ऑटोमोबाइल निर्माता कंपनी टाटा मोटर्स ने आज अपने पैसेंजर और इलेक्ट्रिक वाहनों की श्रृंखला के लिए बॉलीवुड अभिनेता विक्की कौशल के साथ साझेदारी की घोषणा की है। विविध भूमिकाओं में नज़र आने और परंपराओं को तोड़ने के जुनून के लिए पहचाने जाने वाले विक्की की यात्रा टाटा मोटर्स के नवाचार, उत्कृष्टता और प्रगति जैसे मूल्यों से मेल खाती है।

विक्की कौशल के स्टारडम की यात्रा, दृढ़ता, प्रामाणिकता और चुनौतीपूर्ण भूमिकाएं निभाने की उनकी इच्छा का परिणाम है। ये गुण टाटा मोटर्स के उस दृष्टिकोण से मेल खाते हैं जो मोबिलिटी के भविष्य को नए आयाम देने के लिए प्रयासरत है। कंपनी लगातार डिज़ाइन, प्रदर्शन और तकनीक की सीमाओं को आगे बढ़ा रही है, और विक्की के साथ यह साझेदारी पुराने ढर्रों को तोड़ने की साझा सोच को उजागर करती है। जैसे विक्की ने अपनी सादगीपूर्ण शुरुआत से एक सुपरस्टार बनने तक का सफर तय किया, वैसे ही टाटा मोटर्स ने भी विकास और नवाचार के साथ अपनी अलग पहचान बनाई है। यह सहयोग वैश्विक मंच पर भारत की उपस्थिति को और सशक्त करेगा- टाटा मोटर्स नई तकनीकों और मानकों के ज़रिये और विक्की कौशल अपनी प्रतिभा के ज़रिये।

'टेक द कर्व' कैंपेन के बारे में-

टाटा कर्व सिर्फ़ एक कार नहीं, बल्कि यह एक सोच है। यह वाहन बेहतरीन डिज़ाइन, सटीक अनुपात और अत्याधुनिक फीचर्स के साथ मिड-एसयूवी सेगमेंट में नए मानक स्थापित करेगा। इसका डिज़ाइन पहले ही लोगों को आकर्षित कर चुका है, और इसके अनोखे फीचर्स को उजागर करने के लिए यह अभियान तैयार किया गया है। 'टेक द कर्व' के पीछे की जो सोच है वह उन लोगों को समर्पित है जो परंपराओं को चुनौती देते हैं और अपना रास्ता खुद बनाते हैं। 'टेक द कर्व' जीवन के उन मोड़ों को अपनाने की बात करता है जिनसे लोग अक्सर कतराते हैं। आईपीएल के दौरान प्रसारित होने वाली 20-सेकंड की विज्ञापन श्रृंखला में विक्की कौशल मुख्य भूमिका में होंगे, जो कर्व की भावना को दर्शाएंगे। उनका करियर, जिसमें उन्होंने अनूठे और चुनौतीपूर्ण निर्णय लिए, इस संदेश को सशक्त बनाता है। खासतौर पर तैयार किया गया साउंडट्रैक भी इस भावना को मज़बूती देता है। यह अभियान उन लोगों का उत्सव है जो आसान रास्तों को छोड़, अपनी अलग राह बनाते हैं। टाटा कर्व सिर्फ़ अगुआई नहीं कर रहा, बल्कि यह उन सभी के लिए एक प्रेरणा बन रहा है जो साहस, आत्मविश्वास और अलग सोच के साथ आगे बढ़ना चाहते हैं।

हिसार-नई दिल्ली सवारी गाडी के कुछ स्टेशनों पर संचालन समय में आंशिक परिवर्तन

जयपुर, 7 अप्रैल (का.सं.)। रेलवे द्वारा हिसार-नई दिल्ली सवारी गाडी के कुछ स्टेशनों पर संचालन समय में आंशिक परिवर्तन किया जा रहा है। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी श्री शशि किरण के अनुसार गाडी संख्या 54424, हिसार-नई दिल्ली सवारी गाडी दिनांक 10.04.25 से हिसार से 05.00 बजे के स्थान पर परिवर्तित समय 05.20 बज रवाना होकर अपने निर्धारित समय से नई दिल्ली स्टेशन पहुँचेगी। यह सवारी गाडी मार्ग के सातरोड स्टेशन पर परिवर्तित समय 05.30 बजे आगमन व 05.32 बजे प्रस्थान, हांसी स्टेशन पर परिवर्तित समय 05.45 बजे आगमन व 05.47 बजे प्रस्थान, बवानी खेडा स्टेशन पर परिवर्तित समय 06.02 बजे आगमन व 06.04 बजे प्रस्थान , भिवानी सिटी स्टेशन पर परिवर्तित समय 06.30 बजे आगमन व 06.35 बजे प्रस्थान, कलानौर कलां स्टेशन पर परिवर्तित समय 06.53 बजे आगमन व 06.55 बजे प्रस्थान करेगी। उपरोक्त सवारी गाडी का रोहतक व नई दिल्ली स्टेशनों के बीच के स्टेशनों पर संचालन समय यथावत रहेगा।

pnb Housing Finance Limited Ghar Ki Baat

परिशिष्ट –4–क
अचल सम्पत्ति(यों) की ई–नीलामी बिक्री सूचना
वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 8(6) के परंतुक के तहत अचल आस्तियों की बिक्री हेतु ई–नीलामी बिक्री सूचना

पंजीकृत कार्यालयः – 9 वीं मंजिल, अंतरिक्ष भवन, 22, के जी मार्ग, नई दिल्ली –110001 फोनः – 011–23357171, 23357172, 23705414, वेबसाइटः www.pnbhousing.com
भिवाड़ी शाखाः ए–10, प्रथम तल, भगत सिंह कॉलोनी, अलवर बाई पास, भिवाड़ी–301019, राजस्थान,
जोधपुर शाखाः प्लॉट–17, तृतीय तल, के.पी. टॉवर, अपर चोपासनी रोड, बॉम्बे मोटर सर्किल के पास, बलदेव नगर, जोधपुर राजस्थान–342003,

एतद्द्वारा सर्व साधारण को और विशेष रूप से कालम नंबर –ए में निदर्शित कर्जदार(रों) एवं गारंटर(रों) को सूचना दी जाती है कि प्रत्याभूत लेनदार के पास बंधक/प्रभारित कालम नंबर–डी में वर्णित अचल सम्पत्ति(यां), जिसका प्रलक्षित/भौतिक कब्जा पीएनबी हाउसिंग फाईनेंस लिमिटेड (पीएनबी एचएफएल)/प्रत्याभूत लेनदार के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा प्राप्त किया जा चुका है (कालम नंबर–सी में वर्णितानुसार) नीचे दिए विवरण के अनुसार "जैसी है जहां है", जैसी है जो है" तथा "जो भी है वहां है" आधार पर बेची जाएंगी। एतद्द्वारा कालम नंबर –ए में निदर्शित कर्जदार(रों)/बंधकदाता(ओं)/संबंधित कर्जदार(रों)/बंधकदाता(ओं) (मृत्योपरान्त) के कानूनी वारिसों, कानूनी प्रतिनिधियों, (चाहे ज्ञात अथवा अज्ञात), निष्पादक(कों), प्रशासक(कों), उत्तराधिकारी(यों), समनुदेशिती(यों) को, जैसी भी स्थिति है, प्रतिभूति हित प्रवर्तन नियमावली, 2002 अद्यतन संशोधित के नियम 8(6) एवं 9 के तहत सूचना दी जाती है।

बिक्री के विस्तृत नियम एवं शर्तों के लिए, कृपया मैसर्स पीएनबी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड, प्रतिभूत लेनदार की वेबसाइट नामतः www.pnbhousing.com में उपलब्ध कराया गया लिंक देखें।

ऋण संख्या, कर्जदार/सह–कर्जदार का नाम गारंटर(S) (ए)	मांग सूचना मांग की राशि और तारीख (बी)	कब्ज़ा का प्रकार (सी)	बंधक रखी सम्पत्तिओं का विवरण (डी)	आरक्षित मूल्य (आरपी) (ई)	ईएमडी (आरपी का 10%) (एफ)	बोली प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि (जी)	बोली वृद्धि राशि (एच)	निरीक्षण की तिथि एवं समय (आई)	नीलामी की तिथि एवं समय (जे)	ज्ञात ऋणभार/न्यायालय मामला, यदि कोई, (के)
HOU/BHI/0519/696305, बी.ओ.: भिवाड़ी, अजीत खरमानिया, नीलू खरमानिया	12.07.2021 तक रु. 20,30,820.7	भौतिक कब्जा	फ्लैट नंबर ए–303, ग्रैंड्योर (होल्ड), सेक्टर 56, तहसील तिजारा जिला अलवर, भिवाड़ी, राजस्थान–301019, भारत। माप 770 वर्ग फीट	रु. 912000	रु. 91200	24.04.2025	रु. 10,000	15.04.2025 पूर्वा. 10.00 बजे से अप. 5:30 बजे	25.04.2025 अप. 02.00 बजे से अप. 03:00 बजे	Not Known
HOU/BHI/1217/461475, बी.ओ.: भिवाड़ी, राजेश कुमार, सुनीता	14.12.2023 तक रु. 9,43,980.01	भौतिक कब्जा	टॉवर मैरीगोल्ड, जीएफ, 005, ओमेक्स पैनोरमा सिटी होम्स – मैरीगोल्ड टॉवर, भिवाड़ी, अलवर, राजस्थान–301019, भारत। 420 वर्ग फीट का क्षेत्रफल।	रु. 535000	रु. 53500	24.04.2025	रु. 10,000	15.04.2025 पूर्वा. 10.00 बजे से अप. 5:30 बजे	25.04.2025 अप. 02.00 बजे से अप. 03:00 बजे	Not Known
HOU/JDH/1219/761146, बी.ओ.: जोधपुर, वीरेंद्र कुमार आसवानी, कविता आसवानी	11.10.2023 तक रु. 30,12,407.39	भौतिक कब्जा	मकान नंबर 25 का पूर्वी भाग, खसरा नंबर 161/1, मंगलम होम्स, ग्राम पाल, जोधपुर, राजस्थान, भारत, 342001	रु. 2187000	रु. 218700	24.04.2025	रु. 10,000	15.04.2025 पूर्वा. 10.00 बजे से अप. 5:30 बजे	25.04.2025 अप. 02.00 बजे से अप.